महत्वपूर्ण एवं खास

वाहन और ठेका कर्मियों पर पथराव, ग्रामीण पर मामला दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। कुसमुंडा खदान में घुस कर एक ग्रामीण ने ठेका कर्मियों पर पत्थर फेंकने के साथ ही टिपर वाहन में तोडफ़ोड़ की। इससे वाहन का सामने व साइड का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर निजी कंपनी के मैनेजर ने कुसमुंडा थाना में शिकायत करते हुए 16 लाख रुपए की क्षति होना बताया है। पुलिस ने मामले में ग्रामीण के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को मिट्टी निकासी का काम दिया गया है। कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मुकेश सिंह ने रिपोर्ट में कहा है कि बीती रात खदान में घुसकर रिसदी निवासी ईश्वर पाल ने ओबी फेस पर काम कर रहे नीलकंठ कंपनी के कर्मचारियों पर पत्थर फेंका, साथ ही अपशब्द भी कहा। इसके बाद खड़ी टिपर वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद ईश्वर पाल के विरूद्ध एफआइआर दर्ज कर ली है।

आबकारी विभाग ने लगातार कार्यवाही जारी

गरियाबंद (आरएनएस)। आबकारी विभाग गरियाबंद द्वारा ग्राम सोहागपुर के जंगल में लावारिश स्तिथि में भारी मात्रा में शराब बनाने का समान महुआ लाहन लगभग 200 किलोग्राम 30.0 लीटर हाथ भ_ी कच्ची शराब लावारिश स्तिथि में जप्त किया गया उसके अतिरिक्त उसी ग्राम के एक अन्य व्यक्ति के मकान में दबिश देकर 04 लीटर हाथ भ_ी कच्ची शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। इस प्रकार चुनाव के मद्देनजर चुनाव में शराब के प्रभाव को कम करने के लिए देवभोग क्षेत्र में भी लगातार कार्यवाही की जा रही है।पिछले 15-20 वर्षो से बिक रहे अवैध ताड़ी (छीद रस) बेचने वालो के खिलाफ 34(1) डी के 07 प्रकरण कायम किए गय है। इससे ताड़ी बिक्री में भी कमी आई है।ओडीशा से लाने वाले पाउच व अंग्रेजी शराब के विरुद्ध लगातार बॉर्डर में नाका लगाया जा रहा है और बेचने वालो के मकान में दबिश दी जा रही है जिससे अवैध शराब बिक्री में भी कमी आई है।

वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह पंचतत्व में विलीन

कोरबा (आरएनएस)। शहर के वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह आज पंचतत्व में विलीन हो गए। पोड़ीबहार मुक्तिधाम में उनके पार्थिव शरीर को ज्येष्ठ पुत्र ने मुखाग्नि दी। 67 वर्षीय विजय सिंह का कल दोपहर को अपने निवास पर निधन हो गया था। उत्तरप्रदेश के बलिया जिले से वास्ता रखने वाले विजय सिंह ने बलिया के राजकीय कॉलेज से स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की और कुछ वर्ष बाद कोरबा शिफ्ट हो गए। तीन दशक से ज्यादा समय उन्होंने पत्रकारिता में बिताया। दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ में लंबे समय तक सेवा देने के साथ उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी। राजपूत क्षत्रिय समाज के अलावा अनेक संगठनों में वे सक्रिय रूप से कार्यरत थे। वे अपने पीछे अपने तीन पुत्र और नाती-पोतों को छोड़ गए हैं। सक्ती जिले में उनके पुत्र अनिल सिंह जिला अभियोजन अधिकारी और सुनील सिंह छत्तीसगढ़ पुलिस में कार्यरत हैं। पत्रकार विजय सिंह के निधन पर प्रेस क्लब सहित अनेक संगठनों ने शोक जताया है। आज बुधवारी स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। पोड़ीबहार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। यहां पर मौजूद लोगों ने शोकसभा करते हुए दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

शांतिनगर से बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। शांतिनगर में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक शुक्ला 51 वर्ष राजीव नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 ए 4429 को शांतिनगर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। अशोक नगर झगरहिन तालाब के पास स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तरासन नखाते 52 वर्ष झगरहिन तालाब के पास अशोकनगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 19 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बाहर गई थी। जब 26 अप्रैल को वापस लौटी तो देखा की उसके सूने मकान का ताला टूटा हुआ है। वहीं आलमारी में रखे नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

उम्रदराज और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग कर सशक्त लोकतंत्र निर्माण में निभाई सहभागिता

❐ मतदान अधिकारियों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर कराया मतदान

कोरबा | आरएनएस

शारीरिक असमर्थता तथा अति वृद्धावस्था के कारण बूथ तक पहुंचकर मतदान करने में असमर्थ लोगों ने होम वोटिंग के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी दी। अनुपस्थित श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांगजनों ने अपने घर पर ही मतदान किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग की इस सुविधा पर खुशी जताई।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के हर एक नागरिक को मतदान में शामिल होने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु होम वोटिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसका लाभ शारीरिक असमर्थता एवं वृद्धावस्था के कारण मतदान केन्द्र तक पहुँच पाने में असमर्थ अनेक बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाता को मिल रहा है एवं वे अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर पा रहे हैं। कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले के कोरबा व रामपुर विधानसभाओं के चिन्हाकिंत बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग किया। होम वोटिंग कराने के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी उनके घरों में पहुँचे। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की।

कोरबा के दुरपा बस्ती निवासी दिव्यांग हीरालाल विश्वकर्मा ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मताधिकार का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि वोट देकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्हें होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाने का मौका मिला। इस हेतु उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। बरमपुर के लकवाग्रस्त 65 वर्षीय रामनारायण पटेल ने आयोग की इस नई व्यवस्था को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए इस नई व्यवस्था के फलस्वरूप अब देश का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित नही होगा। रामपुर विधानसभा के ग्राम बिंझकोट के 88 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता मंगलराम का भी होम वोटिंग के जरिए मताधिकार का सपना साकार हुआ। मतदाता के बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। बिना परेशानी के वे घर पर ही वोट देकर लोकतंत्र में अपनी भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं।

हमें मतदान अवश्य करना चाहिए- बुधिया राम पटेल- रामपुर विधानसभा अन्तर्गत ग्राम चचिया के 86 वर्षीय बुधिया राम पटेल ने आज घर पर मतदान दलों की उपस्थिति में मतदान किया। मतदान के पश्चात खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को घर पर मतदान की सुविधा देने बहुत ही अच्छी पहल है। हालाकि वे पहले मतदान केन्द्रों में मतदान करते थे। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिये। मतदान के दिन कुछ लोग घर पर समय बिता देते हैं और मतदान नहीं करते वहीं लोग कई बार आरोप लगाते हैं कि अच्छा जनप्रतिनिधि नहीं चुन पाया गया है। ऐसे लोगों से अपील है कि वे अपने पसंद का उम्मीदवार अवश्य चुनें ताकि क्षेत्र का विकास हो।

इसी प्रकार जिले के कोरबा विधानसभा के अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता ग्राम दुल्लापुर की दिव्यांग मतदाता सावित्री बाई केंवट, ग्राम अगारखार निवासी श्यामलाल भारिया, खम्हरिया की सावित्री बाई यादव, स्याहीमुड़ी की भानुमति सहित अनेक शारीरिक रूप से अस्वस्थ मतदाताओं ने आसानी से अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी होम वोटिंग के माध्यम से उन्हें निर्वाचन में भाग लेने का अवसर मिला था। यह सुविधा मिलने से बुजुर्ग व्यक्तियो को बहुत सहारा मिलता है। मतदाता एवं उनके परिजनों ने निर्वाचन आयोग की इस व्यवस्था को अत्यंत कारगर एवं उपयोगी बताया एवं इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

जब शहर की सड़कों पर कलेक्टर और एसपी ने चलाई साइकिल

❐ सैकड़ों लोगों ने साइकिल रैली में लिया हिस्सा, दिया संदेश

बिलासपुर | आरएनएस

रविवार की सुबह शहर के प्रमुख मार्गो का नजारा ही कुछ अलग था। जिले के कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह के साथ तमाम आला अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता संदेश देने साइकिल चलाई। स्वीप साइकिल रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए लोगों को जागरूक किया। इस स्वीप साइकिल रैली का आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से आईडीबीआई बैंक द्वारा किया गया। रैली आत्मानंद स्कूल प्रताप चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कोतवाली चौक, गांधी चौक, शिव टाकिज चौक, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, , अम्बेडकर चौक, और पुलिस पेट्रोल पंप से होते हुए स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। रैली में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, सीईओ जिला पंचायत आर.पी. चौहान, आईडीबीआई बैंक के डीजीएम अमिताभ बाजपेई, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, बाइकर्स कम्युनिटी बिलासपुर के सदस्य,एनसीसी, युवा मतदाता सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता संदेश दिया।

कलेक्टर ने सभी को कार्यक्रम में मतदाता शपथ दिलाई। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने रंग-बिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े गए। रैली के बाद स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि मतदान का ये अधिकार हमें कठिन संघर्षो से मिला है, हमें इसका महत्व समझकर मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी के मत का समान महत्व है। हर एक वोट बेहद कीमती है इसका उपयोग हमे स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में अपना मतदान कर सभी सहभागी बनें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

निगम कमिश्नर और आईडीबीआई के डीजीएम अमिताभ वाजपेयी ने भी इस अवसर अपने संबोधन में मतदान का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों स्मृति चिन्ह भेंट किया गया साथ ही स्वीप कार्यक्रम में सहभागी बने एनएसएस, स्काउट और स्कूली छात्रों को सम्मानित किया गया।

ऑब्जर्वर की मौजूदगी में ईव्हीएम मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन

बिलासपुर | आरएनएस

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों को बांटने का काम सेकण्ड रेण्डमाइजेशन से किया गया। मंथन सभाकक्ष में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया से ईव्हीएम मशीनों को बांटने का कार्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान विधानसभावार ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसके पश्चात् राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि प्रथम रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्र आबंटित किया गया था। वहीं द्वितीय रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीनों को आबंटित किया गया है। मतदान केन्द्र आबंटित होने के पश्चात् ईव्हीएम कमीशनिंग का काम शुरू होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि कमीशनिंग एवं मॉकपोल के दौरान ईव्हीएम में किसी प्रकार की खराबी पाए जाने पर रिजर्व मशीनों से बदला जा सकता है।

मुआवजा लेने धरने पर बैठा विस्थापित

कोरबा (आरएनएस)। जिले के एसईसीएल दीपका एरिया में प्रबंधन व प्रशासन द्वारा अधिगृहीत ग्राम मलगांव का मुआवजा प्रदान किए जाने की प्रक्रिया जारी है,जिसमें कई भूविस्थापित मुआवजा ले भी रहे हैं ,परंतु मुख्यालय ने मुआवजा निर्धारण एवं प्राप्ति की प्रक्रिया को इतना जटिल बनाया हुआ है की भूविस्थापितों को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला बीते शनिवार को दीपका महाप्रबंधक कार्यालय में देखने को मिला, जब अपने अधिगृहीत मकान का मुआवजा लेने के लिए भूविस्थापित नेता मनीराम भारती कार्यालय पहुंचे हुए थे, ऐसे में दीपका प्रबंधन द्वारा उनके दस्तावेजों में कमी बताते हुए उन्हें बाकी औपचारिकताएं पूरी करने की बात कही। जिससे मनीराम नाराज हो गए और एस ई सी एल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहने लगे की जब भूविस्थापितों के जन प्रतिनिधियों को ही एस ई सी एल प्रबंधन परेशान कर रहा है तो आम भूविस्थापितों के साथ कैसा सलूक किया जाता होगा। ऐसा कहते हुए मनीराम भारती वहीं धरना देकर बैठ गए,जिसके बाद प्रबंधन के आला अधिकारी हरकत में आए और महाप्रबंधक सक्सेना ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल मुआवजे की राशि को प्रदान करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया तब कहीं जाकर देर शाम पीडित भूविस्थापित के खाते में मुआवजे की रकम जमा करवाई गई।

दरअसल मनीराम भारती के बेटे की शादी तय हुई है, तारीख नजदीक आ गया है परंतु प्रबंधन के अधिकारी दस्तावेजी कार्यवाही को धीमी गति से चला रहे थे, ऐसे में उनका आक्रोशित होना लाजमी था।

बाल विवाह कानूनन अपराध : सेवा प्रदाताओं से अपील, विवाह में सेवा देने से पूर्व कर लें बालक-बालिका के आयु की जांच

❐ चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 पर करें सूचित

बिलासपुर | आरएनएस

जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी वैवाहिक पत्रिका प्रिंटर्स संचालक, टेंट-प्रदाता, शादी भवनों के प्रबंधक, कैटरर्स, बैंड वाले एवं डेकोरेटर्स से अपील की है कि वे सेवा देने से पूर्व वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने की पुष्टि कर लें। वर-वधु के आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही अपनी सेवा प्रदान करें अन्यथा बाल विवाह प्ररतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि प्राय: अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है तथा बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में वृद्धि होती है। बाल विवाह प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 अंतर्गत विवाह हेतु बालक हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। बाल विवाह प्ररतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2016 की धारा 10 एवं 11 अंतर्गत जो कोई किसी बाल विवाह को संपन्न करेगा, संचालित करेगा या निर्दिष्ट करेगा, दुष्प्रेरित करेगा वह दो वर्ष के कठोर कारावास से और एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम हेतु वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने संबंधी सूचना अपने सामाजिक स्तर पर प्रसारित करने का कष्ट करें। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 अथवा नजदीकी थानें को सूचना प्रदान कर सकते है।

रेलवे स्टेशन में सात किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाया युवक

रायपुर | आरएनएस

रायपुर पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से सात किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था किंतु मुखबीर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम और आरपीएफ़ द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 01 व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना आयुष कुमार पांडे पिता विजय कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, निवासी महादेवन टोला ऑनिक्स मॉल के पास थाना बगुलागंज चौकी थाना कोतवाली जिला फ तेहगढ़ उत्तर प्रदेश बताया टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफर बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत लगभग 71 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

महादेव बेटिंग ऐप मामले में एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

महादेव बेटिंग एप केस मामले में इस वक्त की बड़ी कार्रवाई मुंबई पुलिस ने की है। महादेव बेटिंग ऐप केस में मुंबई पुलिस ने एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। एक्टर को छत्तीसगढ़ में हिरासत में ले लिया गया है, जहां से उन्हें मुंबई ले जाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक खान द लायन बुक ऐप नाम के एक सट्टेबाजी ऐप से जुड़े हुए थे, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का भी हिस्सा है। मामले में पहले मुंबई पुलिस एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी।

एक्टर ने जमानत के लिये कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई थी। वह लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी ऐप वेबसाइट में भागीदार है, जो महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है। एक्टर पर लायन बुक ऐप को प्रमोट और उनके इवेंट्स अटेंड करने का आरोप लगा है। लायन बुक को प्रमोट करने के बाद उन्होंने बतौर पार्टनर लोटस बुक 24/7 ऐप लॉन्च किया। साहिल ऐप को बढ़ावा देने के लिए अपने रौब का इस्तेमाल करते थे। वो सिलेब्रिटीज को बुलाते थे और ग्रांड पार्टियों का आयोजन करते थे फिलहाल मामले की जांच जारी है। जल्द ही पुलिस केस कई और बड़े पहलुओं को सामने ला सकती है।

एक्टर अक्सर ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।। एक्टर साहिल खान अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक्सक्यूजमी और स्टाइल जैसी फिल्मों में काम किया है। हालांकि, साहिल फिल्मों में कुछ कमाल नहीं कर सके। इसके बाद उनकी फिटनेस जर्नी शुरू हुई और वो फिटनेस इंफ्लुएंसर बन गए। साहिल डिवाइन न्यूट्रिशन नाम की एक कंपनी चलाते हैं, जो कि फिटनेस सप्लिमेंट्स बेचती है। इस साल फरवरी में उन्होंने अपनी दूसरी शादी के बारे में खुलासा किया था। एक्टर ने बताया कि उन्होंने रूस में सगाई के बाद उन्होंने मलीना से शादी कर ली है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU